CGHS Dispensaries fa the Country

2871. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: WiU the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the number of Allopathic, Ayurvedic, Homoeopathic, Unani, Siddha, Yoga dispenaries/Poly clinics/hospitals under CGHS in the country, State-wise, and Union Territory-wise; and

(b) the proposals under consideration in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) The information is given in the Annexure. *[See* Appendix CLXL Annexure No. 68]

(b) In the Annual Plan 1992-93 of CGHS the following targets are included:

Allopathic	10
Ayurvedic	2
Homoeopathic	2
Unani	1
Polyclinics	3

However these proposals are subject to availability of funds.

देश में बेरोजगार एम.बी.बी.एस. डाक्टरों की संख्या

2872. डा. रत्नाकर पाण्डेय : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में बेरोजगार एम0बी0बी0एस0 डाक्टरों की राज्यवार संख्या कितनी है ; और

(ख) इन बेरोजगार डाक्टरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए) ।

(ख) सरकारी संगठनों में सेवा निवृत्ति, विदेश प्रवास या समय-समय पर पदों में सामान्य वृद्धि होने के कारण हुई सामान्य रिक्तियों के अलावा योग्य डाक्टरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये केन्द्र सरकार के पास कोई विशेष योजना नहीं है ।

विवरण

31-12-89 को देश के रोजगार केन्द्रों के चालू रजिस्टर में दर्ज मेडिसिन के स्नातकों (स्नातकोत्तर सहित) की संख्या

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	31-12-89 को चालू रजिस्टर में दर्ज मेडिसिन के स्नातकों (स्नातकोत्तर सहित) की संख्या
1	2
1. आंध्र प्रदेश	2537
2. अरूणाचल प्रदेश	शून्य
3. असम	224
4. बिहार	1314
5. गोवा	217
6. गुजरात	635
7. हरियाणा	874
8. हिमाचल प्रदेश	205
9. जम्मू व कश्मीर	38
10. कर्नाटक	826
11. केरल	2179
12. मध्य प्रदेश	658
13. महाराष्ट्र	3794
14. मणिपुर	130
15. मेघालय	2
16. मिजोरम	11
17. नागालैंड	शून्य
18. उड़ीसा	1430
19. पंजाब	274
20. राजस्थान	1861
21. सिक्किम*	..
22. तमिलनाडु	3729
23. त्रिपुरा	17
24. उत्तर प्रदेश	1348

1	2
25. पश्चिमी बंगाल	3443
संघ राज्य क्षेत्र	
1. अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	3
2. चंडीगढ़	731
3. दादरा व नगर हवली	7
4. दिल्ली	3977
5. दमण व दीव*	
6. लक्षद्वीप	7
7. पांडिचेरी	398
कुल :	30869

टिप्पणी :

1. * इस राज्य में कोई रोजगार केन्द्र नहीं है।
2. ** आंकड़े नहीं रखे गये।
3. यह आवश्यक नहीं है कि रोजगार केन्द्र के चालू रजिस्टर में दर्ज सभी स्नातक बेरोजगार हों/पंजीकरण स्वैच्छिक होने के कारण सभी बेरोजगार स्वयं को रोजगार केन्द्र में दर्ज नहीं कराते ।

कमला नेहरू अस्पताल, इलाहाबाद में कैंसर के उपचार की सुविधाएं

2873. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कमला नेहरू अस्पताल, इलाहाबाद में कैंसर के निवारण और उपचार के लिये कोई विभाग है ;

(ख) यदि हां, तो उस अस्पताल को केन्द्र द्वारा प्रतिवर्ष कितनी राशि आबंटित की जाती है ; और

(ग) क्या सरकार इस राशि में वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कितनी यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

बिहार में काला-अजार के लिए सहायता

2874. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान बिहार में काला-अजार की बीमारी पर काबू पाने के लिये सरकार द्वारा कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गई है;